# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# पाकिस्तान से भारी तनाव के बीच पीएम मोदी ने सरकारी विभागों को दिया ये बड़ा मैसेज।


Publisher

Published on 09 May 2025




## 1971 के बाद पहली बार ऐसा मौका था जब भारतीय सेना के तीनों अंगों की तरफ से मिलकर साझा ऑपरेशन करते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर मे आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया गया.

पहलगाम में आतंकियों के हमले के बाद भारत के प्रहार से बौखलाए पाकिस्तान अब बिलबिला कर ड्रोन और मिसाइल से हमले की कोशिश कर रहा है. भारत के साथ अपनी नापाक हरकतें कर पाकिस्तान स्थिति को बिगाड़ने की पूरी कोशिश में लगा हुआ है. इन सबके बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सरकार विभागों को स्पष्ट मैसेज दिया गया है कि वे आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर कड़ी निगरानी रखे. साथ ही, किसी तरह की इसको लेकर फेक न्यूज़ पर फौरन कार्रवाई करें और उसे आगे न फैलने दे.

टीओईआ ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया कि मंगलवार को केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि ये तो अभी शुरुआत है. गौरतलब है कि भारत की तरफ से 7 अप्रैल को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकियों के ठिकानों पर लक्ष्य बनाकर हमला किया था और उसे नेस्तनाबूद कर दिया.

कैबिनेट बैठक में संदेश

इसके फौरन बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक बुलाई गई. मौजूदा स्थिति में आगे योजनाओं को लेकर कैबिनेट में सामाने अधिकारियों ने अपनी बातें रखीं. सरकार ने कहां कि सभी मंत्रियों ने संघर्ष की स्थिति में अपनी जिम्मेदारी की पहचान कर उस पर आगे कदम बढ़ने की बात कही. उदाहरण के तौर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर मिनिस्टर लोगों और वस्तुओं के निर्बाध आपूर्ति के लिए पुलों और इलैक्ट्रिकल सिस्टम्स पर फोकस करेंगे.

प्रमुख बंदरगाह खासतौर पर पश्चिमी बंदरगाह की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है. इसके साथ ही, आवश्यक खाद्य वस्तुएं जैसे- दाल,

खाने के तेल आदि नियंत्रण में है और सरकार विश्वास है कि किसी भी आपात स्थिति में उसे काबू में रखा जाएगा.

पहलगाम के बाद भारत का करारा एक्शन

गौरतलब है कि 22 अप्रैल जो जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों की जान ले ली. ज्यादातर मरने वाले पर्यटक थे. इसके बाद 1971 के बाद पहली बार ऐसा मौका था जब भारतीय सेना के तीनों अंगों की तरफ से मिलकर साझा ऑपरेशन करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया गया.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.